पत्र संख्या–ई0आई0एम0एस0 / 21–22 / 27 / वाणिज्य कर

कार्यालय कमिश्नर वाणिज्य कर उत्तर प्रदेश
(स्थापना अराजपत्रित अनुभाग)
लखनऊः दिनांक 04 अप्रैल,2022

1– समस्त जोनल एडीशनल कमिश्नर
वाणिज्य कर उत्तर प्रदेश।

2.– समस्त ज्वाइण्ट कमिश्नर (कार्यपालक)
वाणिज्य कर,उत्तर प्रदेश।

....

कृपया मुख्यालय के पत्र संख्या 755 दिनांक 08.06.2021 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा वार्षिक प्रविष्टि का आनलाईन माड्यूल विकसित कर तृतीय श्रेणी कर्मचारियों से आनलाईन वार्षिक प्रविष्टि पूर्ण कराये जाने की अपेक्षा की गई थी।

उक्त के सम्बन्ध मे अवगत कराना है कि वित्तीय वर्ष 2021–22 की वार्षिक प्रविष्टि आनलाईन माड्यूल में अंकित की जानी है। कर्मचारी आनलाईन माड्यूल में दिनांक 30.04.2022 तक वार्षिक प्रविष्टि फीड कर सकते है। प्रतिवेदक द्वारा अपना मंतव्य दिनांक 30.05.22 तथा स्वीकर्ता द्वारा दिनांक 30.06.22 तक अपना मतंव्य अंकित किया जा सकेगा। वित्तीय वर्ष 2021–22 की वार्षिक प्रविष्टि किसी भी दशा में मैनुअल स्वीकार नहीं की जायेगी। अतः समस्त अधिकारी / कर्मचारी आनलाईन वार्षिक प्रविष्टि का कार्य समयान्तर्गत पूर्ण कराया जाना सुनिश्चित करें।

उक्त के अतिरिक्त यह भी अवगत कराना है कि शासनादेश संख्या 10 / 36 / 1 / 76 / का–2 / 2014 दिनांक 12.12.2014 अनुसार राज्याधीन सेवाओं के अधिकारियों एवं कर्मचारियों की वार्षिक गोपनीय प्रविष्टि का अंकन करते समय सम्बन्धित अधिकारी / कर्मचारी के कार्य आचरण एवं सत्यनिष्ठा के अतिरिक्त उनके द्वारा महिलाओं के प्रति प्रदर्शित किये गये सम्मान एवं संवेदनशीलता के बिन्दु पर भी अनिवार्य रुप से आख्या अंकित करनी होगी।

अतः उपरोक्तानुसार अपने अधीनस्थ समस्त अधिकारी / कर्मचारी को निर्देशित करने का कष्ट करें।

(सुधा वर्मा)
प्रभार–एडीशनल कमिश्नर(प्रशासन)वाणिज्य कर
उत्तर प्रदेश,लखनऊ

पृष्ठाकंन संख्या व दिनांक उक्त

प्रतिलिपि ज्वाइण्ट कमिश्नर (आई0टी0) वाणिज्य कर,मुख्यालय लखनऊ को इस आशय से प्रेषित किया जा रहा है कि उक्त की प्रति विभागीय वेबसाइट पर अपलोड कराने तथा उक्त तिथियों के अनुसार कर्मचारियों तथा अधिकारियों के लिये वार्षिक प्रविष्टि माड्यूल को खोलने का कष्ट करें।

01/4/22
(डौली)
डिप्टी कमिश्नर (स्था0अराज0) वाणिज्य कर
मुख्यालय,लखनऊ।